भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में विश्वस्तरीय जीनोमिक लैब का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

4 फरवरी, 2022 को बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, मुजफ्फरपुर में कैंसर जाँच के लिये स्थापित विश्व स्तरीय जीनोमिक लैबोरेटरी का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इस साल से राज्य के सभी जिलों में कैंसर स्क्रीनिंग के कार्यक्रम की शुरुआत होगी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल राज्य के 16 जिलों में कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी।
- स्वास्थ्य विभाग की ओर से छह मेडिकल कॉलेजों में डे-केयर कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और साथ ही छह जिलों में कैंसर के मरीजों को होने वाले दर्द का इलाज घर पर ही उपलब्ध कराया जाएगा।
- ज्ञातव्य है कि बिहार में कैंसर मरीजों का 2020 तक सालाना बोझ दो लाख होता था, जो 2025 तक बढ़ कर 2 लाख 32 हजार सालाना हो जाएगा।
- होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र मुजफ्फरपुर और पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही निजी क्षेत्र में महावीर कैंसर संस्थान को विकसित करने की दिशा में सभी सुविधाएँ दी जा रही हैं।
- स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि राज्य के छह जिलों- पटना, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, भागलपुर, सिवान और नालंदा में कैंसर के मरीजों के दर्द का इलाज घर पर किया जाएगा। इसके अलावा डे केयर कीमोथेरेपी की व्यवस्था एनएमसीएच, वीम्स, पावापुरी, एसकेएमसीएच, जेएलएनएमसीएच, डीएमसीएच और पूर्णिया सदर अस्पताल में की गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-class-genomic-lab-inaugurated-at-bhabha-cancer-hospital-and-research-center